In so far as gender bias is concerned, education is the key to its removal. Deptt. of Education, Deptt. of Youth Affairs & Sports, Deptt. of Women and Child Development under Ministry of HRD are implementing several policies and programmes which in due course can reduce gender bias. The recent 72nd and 73rd Constitutional amendments provide for 33 1/2% reservation in all local and Panchayat bodies for women. This legislation represents a major step in empowering women and ensuring their participation in democratic institutions at grass-root levels,. All possible attempts are being made to encourage women to participate in every phere of developmental activities as equal partners.

**विकलांग व्यक्तियों के लिये आरक्षण का आदेश**

722* **श्री दिलीप सिंह भूरिया** : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सुपर बाजार और केन्द्रीय भण्डार में "ग" और "घ" श्रेणी के पदों पर विकलांग व्यक्तियों के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण के संबंध में कोई स्थाई प्रशासनिक आदेश हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) ऐसे विकलांग व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें सुपर बाजार और केन्द्रीय भण्डार के महा-प्रबन्धकों द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान अब तक निबुक्त किया गया है ;

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

**कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के.वी. तंगकाबालू)** : (क) और (ख) जी नहीं । सुपर बाजार तथा केन्द्रीय भण्डार में समूह "ग" तथा "घ" पदों में विकलांग व्यक्तियों को 3% आरक्षण दिए जाने के संबंध में कोई स्थायी प्रशासनिक आदेश नहीं है । भारत सरकार, गृह मंत्रालय, कार्मिक और ए. आर. विभाग का कार्यालय ज्ञापन संख्या 39012/6/77 स्थापना (एस.सी.टी.) सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों सहित केवल भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों पर ही लागू होता है । तथापि, सुपर बाजार, कोऑपरेटिव स्टोर लिमिटेड, नई दिल्ली के कर्मचारियों के लिए बनाए गए भर्ती और पदोन्नति संबंधी नियमों में यह प्रावधान किया गया है कि शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों भूतपूर्व सैनिकों के मामले में इसका विनियमन सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार किया जाएगा । जहां तक केन्द्रीय भण्डार का संबंध है, उन्होंने समूह "ग" तथा "घ" के पदों में विकलांग व्यक्तियों के लिए 3% आरक्षण संबंधी सरकारी आदेशों को नहीं अपनाया है ।

(ग) से (ङ) चूंकि भर्ती पर प्रतिबन्ध लगा हुआ है अतः पिछले 3 वर्षों के दौरान कोई भर्ती नहीं की गई है । इसलिए प्रश्न नहीं उठता ।

---

12.00 NOON

**REFERENCE**

**Re. Demand to withdraw Action taken Report on JPC Report on Security Scam**—*contd.*

**विपक्ष के नेता (श्री सिकन्दर बख्त)** : सदर साहिबा, हमारी गुजारिश है कि ...(व्यवधान)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let them lay the Papers..(*Interruptions*) It is not proper. It is not proper....(*Interruptions*)

SHRI SIKANDER BAKHT: The report must be withdrawn. ..(*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am not allowing it. I am not allowing it, please.